अंतर इंजीनियरिंग कालेज प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में गोपेश्वर ने मारी बाजी

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) की ओर से आयोजित अंतर इंजीनियरिंग कालेज प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में इंजीनियरिंग कालेज गोपेश्वर कैंपस के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र यश गुप्ता की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को छह हजार, द्वितीय स्थान की टीम को पांच हजार व तृतीय स्थान पर रही टीम को चार हजार की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

शुक्रवार को यूटीयू से संबद्ध परिसर संस्थानों में अध्ययनरत बीटेक और बी फार्मा अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए इंटर कालेज प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में 14 टीमों ने प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विवि के महिला प्रौद्योगिकी संस्थान परिसर देहरादून की इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की शिवांगी सैनी की टीम ने ड्राइवर सुरक्षा के लिए एंटी स्लीपर अलार्म पर आधारित प्रोजेक्ट बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया। नन्ही परी सीमांत इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट पिथौरागढ़ परिसर के सिविल इंजीनियरिंग के छात्र अमन संतोलिया की टीम ने बेकार प्लास्टिक टाइल्स पर आधारित प्रोजेक्ट बना तीसरा स्थान प्राप्त किया। विवि के फाउंडर कुलपति प्रो. वीके तिवारी, आइआइटी रुड़की के सिविल इंजीनियरिंग विभाग की रिटायर्ड प्रो. एके आहूजा और परीक्षा नियंत्रक डा. वीके पटेल मौजूद रहे।